खिवनी अभ्यारण्य में वन्यप्राणियों के आंकलन हेतु कार्यशाला का आयोजन
दिनांक 17 एवं 18 अक्टूबर 2024

फेस 4 के अंतर्गत मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यप्राणियों के सटीक आंकलन हेतु देवास वनमंडल के अंतर्गत खिवनी अभ्यारण्य में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यशाला का आयोजन संयुक्त रूप से खिवनी अभ्यारण प्रबंधन, देवास वनमंडल एवं राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर द्वारा दिनांक 17 एवं 18 अक्टूबर 2024 को किया गया था। उक्त कार्यशाला में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार द्वारा मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यप्राणी की पहचान हेतु पद्धतियों के बारे में अवगत करवाया तथा क्षेत्र में गणना के समय पालन की जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तृत रूप में बताया गया, साथ मे एकत्रित किए गए आंकड़े के विश्लेषण की प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके उपरांत श्री भास्कर पवार के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को क्षेत्रीय स्थल में कैमरा ट्रैप के उपयोग हेतु विभिन्न विधि के बारे में अवगत कराया गया। सभी प्रतिभागियों को क्षेत्र में कैमरा ट्रैप प्रतिस्थापन, मांसाहारी सर्वेक्षण एवं लाइन ट्रांजैक्ट के माध्यम से गणना हेतु फील्ड एक्सरसाइज भी करवाया गया, ताकि उनके द्वारा सटीक पद्धति से आंकड़े एकत्रित किया जाए। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को परिक्षेत्र अनुसार समूह में प्रस्तुतीकरण देने हेतु कहां गया था, ताकि उन्होंने प्रशिक्षण से क्या ज्ञान प्राप्त किया उसका पता चले। प्रशिक्षण की समापन में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया था। खिवनी अभ्यारण्य के अधीक्षक श्री विकास मोहरे एवं परिक्षेत्र अधिकारी श्री भीम सिंह सिसोदिया द्वारा प्रतिभागियों मार्गदर्शन प्रदाय किया गया था। प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

प्रतिभागियों को वन्यप्राणियो के आंकलन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए वैज्ञानिक दल

वन्यप्राणी आंकलन कार्यशाला के प्रतिभागियों की ग्रुप फोटोग्राफ